# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

क्रमांक:–शिविरा–मा/माध्यमिक/शालादर्पण/60302/2018–19/373 दिनांक:–30.09.2021

1. **समस्त पी.ई.ई.ओ एवं यू.सी.ई.ई.ओ।**
2. **समस्त संस्था प्रधान, राजकीय विद्यालय।**

विषय:– शाला दर्पण पर विद्यार्थियों की मासिक उपस्थिति के संबंध में।

प्रसंग:– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक शिविरा–माध्य/मा.द./गुण प्र./गुणवत्ता/61186/2020–21 दिनांक–21.09.2021

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस कार्यालय द्वारा जारी प्रासंगिक पत्र द्वारा आगामी 3 माह के लिए शिक्षण कार्य योजना के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में विद्यालय में उपस्थित हो रहे विद्यार्थियों की उपस्थिति की सूचना शाला दर्पण पर उपलब्ध मासिक उपस्थिति मॉड्यूल के माध्यम से निम्नानुसार अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया है।

| कक्षा | प्रथम बार शाला दर्पण पर अंकन | अक्टूबर माह तक के कार्य दिवस | उक्त कार्य दिवसों में उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 9 से 12 | 1 अक्टूबर 2021 | 22 | |
| 6 से 8 | 5 अक्टूबर 2021 | 13 | |
| 1 से 5 | 10 अक्टूबर 2021 | 11 | |

शालादर्पण पर उपलब्ध मासिक उपस्थिति मॉड्यूल में चूंकि माहवार उपस्थिति भरकर सेव करने की व्यवस्था है, अतः उपर्युक्तानुसार उपस्थित अपडेट करने हेतु निम्नानुसार प्रक्रिया किया जाना सुनिश्चित करें–

(1) **कक्षा 9 से 12** के विद्यार्थियों हेतु 1 सितम्बर से कोविड–19 मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमित विद्यालय प्रारम्भ हो चुके हैं। इन कक्षाओं की उपस्थिति 1 अक्टूबर तक उपडेट की जानी है, जिसमें सितम्बर माह के अलावा 1 दिन अक्टूबर माह का भी शामिल है। अतः दिनांक 2 अक्टूबर को 30 सितम्बर तक के कुल कार्य दिवसों की गणना कर उन्हे सितम्बर माह के **कुल कार्य दिवस** में सेव कर सितम्बर माह में प्रत्येक छात्र की कुल उपस्थिति की गणना कर कार्य दिवस के रूप में भरकर सेव करें। इसी प्रकार अक्टूबर माह के कुल कार्य दिवस में केवल 1 भरकर सेव करने के उपरान्त प्रत्येक विद्यार्थी की अक्टूबर माह में 1 अक्टूबर तक की उपस्थिति सेव करें।

उदाहरण के लिय कक्षा 10 के किसी विद्यार्थी की उपस्थिति दिनांक 01.10.21 को निम्नानुसार दर्ज करें–

| सितम्बर में कुल कार्य दिवस | विद्यार्थियों की कुल उपस्थिति कार्य दिवसो में | अक्टूबर में कुल कार्य दिवस | विद्यार्थी की कुल उपस्थिति कार्य दिवसों में |
|---|---|---|---|
| 25 (उदाहरण) | 18 (उदाहरण) | 01 (उदाहरण) | 01 (उदाहरण) |

(2) **इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 तक** के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 20 सितम्बर से कोविड–19 मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमित विद्यालय प्रारम्भ हो चुके हैं। कक्षा 6 से 8 तक के लिए सितम्बर माह में कुल कार्य दिवसों की संख्या 20 से 30 सितम्बर तक तथा अक्टुबर माह में 1 से 5 अक्टूबर तक कुल कार्य दिवसों की संख्या भरी जानी है। उसी के के अनुसार सितम्बर तथा अक्टूबर माह में (5 अक्टूबर तक) प्रत्येक विद्यार्थी की कुल उपस्थिति भी दर्ज की जानी है।

उदाहरण के लिय कक्षा 7 के किसी विद्यार्थी की उपस्थिति दिनांक 06.10.21 को निम्नानुसार दर्ज करें–

| सितम्बर में कुल कार्य दिवस | विद्यार्थियों की कुल उपस्थिति कार्य दिवसो में | अक्टूबर में कुल कार्य दिवस | विद्यार्थी की कुल उपस्थिति कार्य दिवसों में |
|---|---|---|---|
| 10 (उदाहरण) | 08 (उदाहरण) | 4 (उदाहरण) | 02 (उदाहरण) |

(3) **इसी प्रकार कक्षा 1 से 5 तक** के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 27 सितम्बर से कोविड–19 मानक संचालन प्रकिया का पालन करते हुए नियमित विद्यालय प्रारम्भ हो चुके हैं। कक्षा 1 से 5 तक के लिए सितम्बर माह में कुल कार्य दिवसों की संख्या 27 से 30 सितम्बर तक तथा अक्टूबर माह में 1 से 10 अक्टूबर तक कुल कार्य दिवसों की संख्या भरी जानी है। उसी के अनुसार सितम्बर तथा अक्टूबर माह में (10 अक्टूबर तक) प्रत्येक विद्यार्थी की कुल उपस्थिति भी दर्ज की जानी है।

उदाहरण के लिय कक्षा 5 के किसी विद्यार्थी की उपस्थिति दिनांक 11.10.21 को निम्नानुसार दर्ज करें–

| सितम्बर में कुल कार्य दिवस | विद्यार्थियों की कुल उपस्थिति कार्य दिवसो में | अक्टूबर में कुल कार्य दिवस | विद्यार्थी की कुल उपस्थिति कार्य दिवसों में |
|---|---|---|---|
| 04 (उदाहरण) | 02 (उदाहरण) | 07 (उदाहरण) | 06 (उदाहरण) |

प्रासंगिक पत्र दिनांक 21.09.2021 द्वारा जारी निर्देशानुसार कक्षावार निर्धारित तिथियों को उपस्थिति भरकर सेव करें तथा अक्तुबर माह की समाप्ति पर, 1 नवम्बर को कुल कार्य दिवस पुनः एडिट करते हुए अक्टूबर माह के कुल कार्य दिवस भर कर सेव करें तथा प्रत्येक विद्यार्थी की उपस्थिति भी तदनुसार अपडेट करें। सत्रपर्यन्त प्रत्येक माह की समाप्ति पर शालादर्पण के मासिक उपस्थिति मॉड्यूल में उपस्थिति अपडेट करना सुनिश्चित करें।

संलग्न– प्रासंगिक पत्र।

(इन्द्रा चौधरी)
जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर।

प्रतिलिपः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, अति राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय, राजस्थान, स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, जयपुर।
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक ।
6. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक ।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारंभिक।
8. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
9. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर।

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/मा.द./गुण प्र./गुणवत्ता/61186/2020–21 दिनांक – 25.09.21

1–समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक
2–समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
3–समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक
4–समस्त पी.ई.ई..ओ एवं यू.सी.ई.ई.ओ
5–समस्त संस्था प्रधान

विषय–कक्षा शिक्षण प्रारंभ होने के उपरांत आगामी तीन माह की शिक्षण कार्य योजना बाबत।

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 1 सितंबर 2021 से कक्षा 9 से 12 के लिए कक्षा शिक्षण प्रारंभ हो चुका है तथा दिनांक 20 सितंबर 2021 से कक्षा 6 से 8 तथा दिनांक 27 सितंबर 2021 से कक्षा 1 से 5 की नियमित कक्षा शिक्षण सभी विद्यालयों में कोविड–19 तथा एस. ओ .पी में उल्लेखित निर्देशों के अनुरूप प्रारंभ हो रहा है।

यद्यपि सभी विद्यार्थियों के लिए स्माइल 3.0 तथा आओ घर में सीखें 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत e–कक्षा, सप्ताह में दो बार गृह कार्य की वर्कशीट तथा साप्ताहिक क्विज के द्वारा विद्यार्थी, अध्ययन निरन्तर कर रहे थे तथापि उक्त अध्ययन प्रक्रिया में नियमित सहज व्यक्तिशः प्रबोधन अभाव था। अतः प्रारंभ हुए कक्षा शिक्षण में न केवल गत समय के लर्निंग गेप को चिह्नित करना है, वरन लर्निंग लॉस को पूरा करना है साथ ही वर्तमान कक्षा के पाठ्यक्रम को भी शेष उपलब्ध समयावधि में पूरा कराने का प्रयास करना है।

इस संबंध में आगामी 3 माह के लिए शिक्षकों संस्था प्रधानों एवं अध्यापकों के लिए निम्नानुसार कार्य किए जाने आवश्यक होंगेः–

**विद्यार्थियों की विद्यालय में उपस्थिति :–** एक लंबे अंतराल के उपरांत कक्षा शिक्षण अनुमत होने के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति के संबंध में ही संस्था प्रधान एवं शिक्षकों को संवेदनशील होना आवश्यक है।

यद्यपि विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रूप से विद्यालय में कक्षा शिक्षण हेतु उपस्थित होना है तथापि शिक्षकों का दायित्व है कि सामान्य परिस्थितियों में कोविड–19 की गाइड लाईन की पालना करते हुए तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति अनुमत सीमा तक विद्यालय में सुनिश्चित करें जिससे कि विद्यार्थियों का अध्ययन बाधित ना हो।

शाला दर्पण पर मासिक उपस्थिति दर्ज करने हेतु मॉड्यूल उपलब्ध है। अब इस विद्यार्थी उपस्थिति मॉड्यूल में एक बार दर्ज की जाएगी।:–

| कक्षा | प्रथम बार शाला दर्पण पर अंकन | अक्टूबर माह तक के कार्य दिवस | उक्त कार्य दिवसों में उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 9 से 12 | 1 अक्टूबर 2021 | 22 | |
| 6 से 8 | 5 अक्टूबर 2021 | 13 | |
| 1 से 5 | 10 अक्टूबर 2021 | 11 | |

एक बार उक्त तिथियों को उपस्थिति के उपरांत प्रति माह उपयुक्त तिथियों को संबंधित कक्षा की उपस्थिति शाला दर्पण पर अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रवेशोत्सव** – कक्षा 9 से 12 में प्रवेश की तिथि 30 सितम्बर 2021 बढ़ा दी गई है। कक्षा 1 से 8 का प्रवेश आरटीई नार्मस के अनुसार सत्र पर्यन्त रहेगा, ऐसे में कैच मेट परिक्षेत्र के आउट ऑफ स्कूल बालक–बालिकाओं का प्रवेश विद्यालयों में कराने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए की कोई भी विद्यार्थी ड्राप आऊट न हो।

**सामुदायिक सहभागिता एवं अध्यापक अभिभावक बैठक** – विद्यालय में कक्षा शिक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व ही इस हेतु वातावरण निर्माण के लिए सामुदायिक सहयोग अपेक्षित है। एसएससी / एसडीएमसी की सहभागिता से शिक्षक परिक्षेत्र के अभिभावकों को जागरूक करेंगे।
(1) पीटीएम – प्रत्येक विद्यालय **में दिनांक 28.09.21 को पीटीएम का आयोजन** कोविड़–19 की गाइड लाइन की पालना करते हुए किया जाना है।
(2) पीटीएम मोनेटरिंग – मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, उनके कार्यालय के समस्त एसीबीईओ एवं आरपी तथा जिले की डाइट का शैक्षिक स्टॉफ किसी न किसी विद्यालय की पीटीएम में उपस्थित होकर अभिभावकों को कक्षा शिक्षण हेतु विद्यालय की तैयारियों से अवगत कराएंगे।

**कलस्टर वर्कबुक से लर्निग गैप दूर करना (ब्रिज कार्यक्रम)** :–गत वर्षो में रहे लर्निग गैप्स को दूर करने के लिए अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित तीनो विषय की एक कलस्टर वर्कबुक कक्षा 3 से 8 तक की तैयार की गई है। कक्षा 1 एवं 2 की एटग्रेड़ वर्क बुक तैयार की गई है।

- सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पीईईओ, अधीनस्थ विद्यालयों में दि. 27.09 21 से पूर्व विद्यालयों एवं विद्यार्थियों तक पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे। यदि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो संबंधित पीईईओ एवं सीबीईओ के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी।
- क्यों कि वर्तमान में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ विद्यार्थी विद्यालय आऐंगे, अतः वे विद्यालय उपस्थिति दिवस को प्रत्येक विषय (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित) की वर्कबुक की दो वर्कशीट विषयाध्यापक की सहायता से हल करेंगे तथा अनुपस्थिति दिवस ( आगामी घर रहने वाले दिवस) को अन्य दो–दो वर्कशीट गृहकार्य के रूप में हल करेंगें, जिसे आगामी कार्यदिवस को शिक्षक द्वारा चैक कर विद्यार्थी को अपडेट किया जाएगा।
- वर्कशीट से लर्निंग गैप्स हेतु यह निदानात्मक कार्य दिनांक 01.10.21 से प्रारम्भ किया जाएगा।
- कुल 8 कालांश में से प्रथम चार कालांश में वर्कशीट आधारित शिक्षण (गत दिवस एवं वर्तमान दिवस की वर्कशीट) कार्य किया जाए तथा शेष चार कालांश में एटग्रेड़ की विषयवस्तु का अध्यापक कराया जाए।

| क्र.स | वर्कबुक | पढ़ाने हेतु / गुहकार्य दिवस | कालांश समायोजन |
|---|---|---|---|
| 1 | पहल (कक्षा 3 के लिए ) | 4 कालांश | मुख्य विषयों के 5 कालांश के पश्चात शेष रहे कालांश तथा कला शिक्षा, कार्यानुभव, स्वास्थ्य एवं शाशिक्षा के कालांशों के स्थान पर |
| 2 | प्रयास (कक्षा 4 एवं 5 के लिए ) | 4 कालांश | |
| 3 | प्रवाह – (कक्षा 6 एवं 7 के लिए ) | 4 कालांश | |
| 4 | प्रखर – (कक्षा 8 के लिए) | 4 कालांश | |
| 5 | कक्षा 1 एवं 2 के लिए एट ग्रेड़ वर्क बुक | 4 कालांश | |

## विद्यालय का समय विभाग चक्र

| कक्षा / कालांश | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी वर्कबुक | गणित वर्कबुक | अंग्रेजी वर्कबुक | गणित वर्कबुक | हिन्दी पाठ्यपुस्तक | गणित पाठ्य पुस्तक | अंग्रेजी वर्कबुक | निदानात्मक शैक्षिक गतिविधियां एवं अन्य विषय |
| 2 | गणित वर्कबुक | अंग्रेजी वर्कबुक | हिन्दी वर्कबुक | गणित वर्कबुक | अंग्रेजी वर्कबुक | हिन्दी पाठ्यपुस्तक | गणित पाठ्य पुस्तक | निदानात्मक शैक्षिक गतिविधियां एव अन्य विषय |
| 3 | पहल गणित वर्कबुक | पहल अंग्रेजी वर्कबुक | पहल गणित वर्कबुक | पहल हिन्दी वर्कबुक | हिन्दी पाठ्यपुस्तक | गणित पाठ्य पुस्तक | पर्यावरण पाठ्य पुस्तक | अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक |
| 4 | प्रयास अंग्रेजी वर्कबुक | प्रयास गणित वर्कबुक | प्रयास हिन्दी वर्कबुक | प्रयास गणित वर्कबुक | गणित पाठ्य पुस्तक | पर्यावरण पाठ्य पुस्तक | अग्रेजी पाठ्य पुस्तक | हिन्दी पाठ्य पुस्तक |
| 5 | प्रयास अंग्रेजी वर्कबुक | प्रयास गणित वर्कबुक | प्रयास हिन्दी वर्कबुक | प्रयास गणित वर्कबुक | पर्यावरण पाठ्य पुस्तक | अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक | हिन्दी पाठ्य पुस्तक | गणित पाठ्य पुस्तक |
| 6 | प्रवाह गणित वर्कबुक | प्रवाह हिन्दी वर्कबुक | प्रवाह गणित वर्कबुक | प्रवाह अंग्रेजी वर्कबुक | हिन्दी पाठ्य पुस्तक | गणित पाठ्य पुस्तक | पर्यावरण पाठ्य पुस्तक | अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक |
| 7 | प्रवाह गणित वर्कबुक | प्रवाह हिन्दी वर्कबुक | प्रवाह गणित वर्कबुक | प्रवाह अंग्रेजी वर्कबुक | पर्यावरण पाठ्य पुस्तक | अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक | हिन्दी पाठ्य पुस्तक | गणित पाठ्य पुस्तक |
| 8 | प्रखर हिन्दी वर्कबुक | प्रखर गणित वर्कबुक | प्रखर अंग्रेजी वर्कबुक | प्रखर गणित वर्कबुक | हिन्दी पाठ्य पुस्तक | गणित पाठ्य पुस्तक | पर्यावरण पाठ्य पुस्तक | अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक |

**नोट–** क्योंकि विद्यालय में 50 प्रतिशत विद्यार्थी अनुमत है अतः उपस्थिति दिवस को विद्यार्थी उक्तानुसार अध्ययन करेंगें तथा आगामी अनुपस्थिति दिवस ( आगामी घर रहने वाले दिवस) को अन्य दो–दो वर्कशीट गणित, अंगकेजी एवं हिन्दी के वर्कबुक की, गृहकार्य के रूप में हल करेंगें।

कक्षा 9 से 12 का समयविभाग चक्र विद्यालय के स्वयं के अनुसार निर्धारित पाठ्यक्रम के लिए स्वयं नियत किया जाएगा।

जिन कक्षाओं के लिए कलस्टर वर्कबुक का अध्ययन ,निर्धारित कालांश में वे कक्षाएं एक साथ बैठ कर अध्ययन कर सकेगंगी।

**पाठ्यक्रम पूरा करने हेतु योजना :–** शिक्षण हेतु निर्धारित समयावधि घट जाने के कारण 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम को कम किया गया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर द्वारा संशोधित संक्षिप्त पाठ्यक्रम जारी किया जाना है। इस संशोधित किए जाने वाले पाठ्यक्रम में वह पाठ एवं विषय वस्तु अवश्य शामिल किए जाएंगे, जो कि डिजिटल माध्यम यथा स्माइल 3.0, शाला दर्शन, शाला दर्पण आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को भिजवाए गए हैं।

**डिजिटल अध्ययन की निरंतरता :–** जो विद्यार्थी विद्यालय में उपस्थित नहीं हो रहें उनके लिए डिजिटल विषय वस्तु स्माइल 3.0, आओ घर में सीखें 2.0 के माध्यम से विद्यार्थियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अथवा व्यक्तिशः उन्हें अथवा उनके घर पहुंचा कर विषय वस्तु का

अध्ययन जारी रखा जाना है। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी, जो विद्यालय नहीं आ रहे है, उसकी वर्कशीट के आधार पर पोर्ट फोलियों का संधारण पूर्व की भांति जारी रखा जाए।

**साप्ताहिक क्विज :–** पूर्व की भांति प्रत्येक शनिवार को सप्ताह भर के डिजिटल अध्ययन के आधार पर साप्ताहिक क्विज लिया जाना जारी रहेगा। क्योंकि अब कक्षा 1 से 12 तक की सभी विद्यार्थी विद्यालय में उपस्थित होंगे अतः कक्षा शिक्षक का यह दायित्व होगा की क्विज में अधिकांश विद्यार्थी भाग ले जिससे कि साप्ताहिक आकलन निरंतर रह सके। क्यों कि अब विद्यालय में कक्षा शिक्षण प्रारम्भ हो गया है अतः उपस्थित एवं अनुपस्थित दोनों ही तरह के विशार्थियों का क्विज में ऑनलाइन अथवा प्रिंट लेकर भाग लेना सुनिश्चित किया जाकर उसे क्विज बैटकॉक्स में अपडेट कराया जाए। इसकी प्रति को पोर्ट फालियों में भी संधारित किया जाना है।

**मासिक परख :–** गत वर्ष की भांति आगामी माह अक्टुबर 2021 में भी अध्ययन किए गए विषय सामग्री के आधार पर मासिक परख लिया जाएगा। जिन विषयों की अध्ययन सामग्री ऑनलाईन उपलब्ध नहीं होगी उसके लिए शिक्षक विद्यालय में कक्षा शिक्षण के दौरान अध्यापन किए गए विशेष सामग्री में से परख के लिए निर्धारित पैटर्न पर टेस्ट लेकर शाला दर्पण पर अपडेट करेंगे।

**एन.ए.एस. परीक्षा की तैयारी :–** एन.ए.एस. परीक्षा नवंबर माह में 12 तारीख को हो रही है। दक्षता आधारित इस परीक्षा में कक्षा 3, 5, 8 एवं 10 के विद्यार्थी भाग लेंगे। उक्त परीक्षा की तैयारी के लिए एक प्रश्न बैंक राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर द्वारा तैयार कर विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त प्रति सप्ताह विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से दिया जा रहा क्विज कार्यक्रम भी दक्षता आधारित प्रश्नों पर तैयार किया जाता है। अतः उक्त दोनों स्तरों पर शिक्षक विद्यार्थियों को दक्षता आधारित प्रश्नों को अधिकाधिक हल करने हेतु प्रेरित करें जिससे कि एन.ए.एस. परीक्षा में राज्य का परिणाम पूर्व की भांति श्रेष्ठ रह सके।

**सघन निरीक्षण (शाला सम्बलन एप के माध्यम से ) :–** विद्यालय में पुनः कक्षा शिक्षण प्रारम्भ होने के साथ ही निदेशालय /सभागीय संयुक्त निदेशक कार्यालय एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी विद्यालयों का विजिट करेंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के एसीबीईओ/आरपी आदि को शाला सलम्बलन का प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे तथा विद्यालयों का विजिट करेंगे। 01 अक्टूबर 2021 से शासन/निदेशालय,/ संभागीय संयुक्त निदेशक/मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी इस सघन निरीक्षण अभियान में निरीक्षण करेंगे।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के सभी एसीबीईईओ/आरपी आदि में पीईईओ को बांट कर प्रत्येक विद्यालय का निरीक्षण इस अभियान में किया जाना सुनिश्चित करेंगे, जिसकी प्रविष्टि शाला सम्बलन एप पर की जानी सुनिश्चित करेंगे।

अध्ययन जारी रखा जाना है। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी, जो विद्यालय नहीं आ रहे है, उसकी वर्कशीट के आधार पर पोर्ट फोलियों का संधारण पूर्व की भांति जारी रखा जाए।

**<u>साप्ताहिक क्विज</u> :–**पूर्व की भांति प्रत्येक शनिवार को सप्ताह भर के डिजिटल अध्ययन के आधार पर साप्ताहिक क्विज लिया जाना जारी रहेगा। क्योंकि अब कक्षा 1 से 12 तक की सभी विद्यार्थी विद्यालय में उपस्थित होंगे अतः कक्षा शिक्षक का यह दायित्व होगा की क्विज में अधिकांश विद्यार्थी भाग ले जिससे कि साप्ताहिक आकलन निरंतर रह सके। क्यों कि अब विद्यालय में कक्षा शिक्षण प्रारम्भ हो गया है अतः उपस्थित एवं अनुपस्थित दोनों ही तरह के विशर्थियों का क्विज में ऑनलाइन अथवा प्रिंट लेकर भाग लेना सुनिश्चित किया जाकर उसे क्विज चैटकॉक्स में अपडेट कराया जाए। इसकी प्रति को पोर्ट फालियों में भी संधारित किया जाना है।

**<u>मासिक परख</u> :–** गत वर्ष की भांति आगामी माह अक्टुबर 2021 में भी अध्ययन किए गए विषय सामग्री के आधार पर मासिक परख लिया जाएगा। जिन विषयों की अध्ययन सामग्री ऑनलाईन उपलब्ध नहीं होगी उसके लिए शिक्षक विद्यालय में कक्षा शिक्षण के दौरान अध्यापन किए गए विशेष सामग्री में से परख के लिए निर्धारित पैटर्न पर टेस्ट लेकर शाला दर्पण पर अपडेट करेंगे।

**<u>एन.ए.एस. परीक्षा की तैयारी</u> :–** एन.ए.एस. परीक्षा नवंबर माह में 12 तारीख को हो रही है। दक्षता आधारित इस परीक्षा में कक्षा 3, 5, 8 एवं 10 के विद्यार्थी भाग लेंगे। उक्त परीक्षा की तैयारी के लिए एक प्रश्न बैंक राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर द्वारा तैयार कर विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त प्रति सप्ताह विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से दिया जा रहा क्विज कार्यक्रम भी दक्षता आधारित प्रश्नों पर तैयार किया जाता है। अतः उक्त दोनों स्तरों पर शिक्षक विद्यार्थियों को दक्षता आधारित प्रश्नों को अधिकाधिक हल करने हेतु प्रेरित करें जिससे कि एन.ए.एस. परीक्षा मे राज्य का परिणाम पूर्व की भांति श्रेष्ठ रह सके।

**सघन निरीक्षण (शाला सम्बलन एप के माध्यम से ) :–** विद्यालय में पुनः कक्षा शिक्षण प्रारम्भ होने के साथ ही निदेशालय /सभागीय संयुक्त निदेशक कार्यालय एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी विद्यालयों का विजिट करेंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के एसीबीईओ/आरपी आदि को शाला सलम्बलन का प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे तथा विद्यालयों का विजिट करेंगे। 01 अक्टूबर 2021 से शासन/निदेशालय,/ संभागीय संयुक्त निदेशक/मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी इस सघन निरीक्षण अभियान में निरीक्षण करेंगे।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के सभी एसीबीईओ/आरपी आदि में पीईईओ को बांट कर प्रत्येक विद्यालय का निरीक्षण इस अभियान में किया जाना सुनिश्चित करेंगे, जिसकी प्रविष्टि शाला सम्बलन एप पर की जानी सुनिश्चित करेंगे।

| क्र.सं. | करणीय कार्य | समयावधि |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेशोत्सव | 30 सितम्बर 2021 |
| 2. | पीटीएम | 28 सितम्बर 2021 |
| 3. | उपस्थिति दर्ज करना | प्रत्येक माह की 1, 5 एवं 10 तारीख को (निर्धारित कक्षा अनुसार ) |
| 4. | वर्कबुक वितरण | 1 सप्ताह |
| 5. | पाठ्यपुस्तक वितरण | 1 सप्ताह |
| 6. | निम्न कक्षा स्तर क्षमताएं | 1 माह ( कक्षा स्तर के साथ साथ) |
| 7. | गृहकार्य | सप्ताह में 3 दिन |
| 8. | साप्ताहिक क्विज | प्रति शनिवार |
| 9. | मासिक परख | अक्टूबर माह में |
| 10 | एन.ए.एस परख | नवम्बर माह में |

उपर्युक्तानुसार आगामी 3 माह में विद्यालय अपने स्तर पर कार्य योजना बनाकर निर्धारित किए गए शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रयास करें। ऐसी विशेष परिस्थितियाँ बहुत कम आती हैं अतः अतिरिक्त समय देने की आवश्यकता अथवा अतिरिक्त श्रम देने की आवश्यकता हो तो भी शिक्षकों से अपेक्षा है कि वह विद्यार्थियों की सहायता के लिए तत्पर रहेंगे।

सभी शिक्षक तथा विद्यार्थी e–कक्षा की अध्ययन सामग्री के उपयोंग के लिए अपने फोन में <u>मिशन ज्ञान एप को</u> डाउनलोड़ करना सुनिश्चित करेंगे।

(सौरभ स्वामी)
आईएएस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर